# हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**अवधि 1.04.2016 से 31.03.2017**

**भाग –एक**

## 1 प्रस्तावना

निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) को आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण नियम 2004 की धारा 28(3) के अंतर्गत विहित प्रावधानों व हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एच. एस.जी. -4(डी) 1-1/92/2 दिनांक 13.09.2004 के अनुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण हेतु अधिकृत किया गया हैं। तदानुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के निर्माण मण्डल-II जिला शिमला के लेखाओं अवधि 1.04.2016 से 31.03.2017 का अंकेक्षण एवं निरीक्षण का कार्य किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान दिनांक 01.04.2016 से 28.02.2017 तक श्री संदीप सेन, व 1.03.2017 से 31.03.2017 तक श्री अजय शर्मा अधिशाषी अभियन्ता आहरण /संवितरण अधिकारी के पद पर कार्यरत्त रहे।

**(क) हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण**

| क्रम सं. | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण | पैरा सं. | राशि (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टाफ अग्रिम समायोजन हेतु शेष। | 4(क) | 1.35 |
| 2 | विविध अग्रिम समायोजन हेतु शेष। | 4(ख) | 16.67 |
| 3 | जल प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से बकाया राशि वसूली हेतु शेष। | 5(क) | 11.26 |
| 4 | रख रखाव प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से बकाया राशि वसूली हेतु शेष । | 5(ख) | 50.18 |
| 5 | विक्री कर की कम कटौती करना | 8(क) व 11 | 7.33 |
| 6 | संविदाकारों से रॉयल्टी की वसूली न करना | 8(ख) व 10 | 7.57 |
| 7 | प्रतिस्थापित कार्य मदों के भुगतान हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त न करना । | 8(ग) | 67.61 |
| 8 | खुदाई की अपेक्षा Ci pipe बिछाने की मात्रा अधिक लिए जाने के कारण अधिक भुगतान | 9(क) | 16.05 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | खुदाई की प्रमात्रा में चौड़ाई निर्धारित मापदण्डों से अधिक लिए जाने का कारण अधिक भुगतान | 9 (ख) | 0.24 |
| 10 | सीमेंट की आवश्यकता से अधिक मात्रा जारी करने के कारण संविदाकार को अनुचित लाभ | 13(iii) | 1.62 |
| 11 | सीमेंट की कम वसूली करना | 14 | 0.18 |
| 12 | बिना उचित बिल/वाउचर के अग्रिम राशियो का समायोजन करना | 17 | 16.85 |
| 13 | अनुरक्षण प्रभार पर सेवा कर की वसूली न करना | 28 | 2.21 |

**(ख) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न **परिशिष्ट "क"** में दर्शाई गई हैं । वर्ष 04/88 से 03/2016 तक मण्डल से संबन्धित 70 पैरे शेष हैं, जिनका वर्षवार विवरण निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | वर्ष | शेष पैरो की सं. |
|---|---|---|
| 1 | 04/2003 to 03/2004 | 2 |
| 2 | 04/2004 to 03/2005 | 1 |
| 3 | 04/2005 to 03/2006 | 6 |
| 4 | 04/2006 to 03/2007 | 1 |
| 5 | 04/2007 to 03/2008 | 1 |
| 6 | 04/2011 to 03/2012 | 1 |
| 7 | 04/2012 to 03/2013 | 4 |
| 8 | 04/2013 to 03/2014 | 1 |
| 9 | 04/2014 to 03/2015 | 6 |
| 10 | 04/2015 to 03/2016 | 8 |
| 11 | 04/1988 to 03/1989 | 2 |
| 12 | 04/1989 to 03/1990 | 1 |
| 13 | 04/1990 to 03/1991 | 2 |
| 14 | 04/1991 to 03/1992 | 1 |
| 15 | 04/1992 to 03/1993 | 1 |
| 16 | 04/1993 to 03/1994 | 2 |
| 17 | 04/1994 to 03/1995 | 4 |
| 18 | 04/1995 to 03/1996 | 11 |
| 19 | 04/1996 to 03/1997 | 3 |
| 19 | 04/1997 to 03/1998 | 6 |
| 20 | 04/1999 to 15.01.01 | 6 |
| | **Total** | **70** |

अतः अधिशाषी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II, जिला शिमला, हि. प्र. उपरोक्त शेष अनिर्णीत पैरो के सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करने के उपरांत इन पैरो का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

**भाग–2**

**2. वर्तमान अंकेक्षण**

आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं अवधि 01.04.2016 से 31.03.2017 तक का वर्तमान अंकेक्षण सर्वश्री रविन्दर सिंह, अनुभाग अधिकारी (ले. प.) एवं सोम राज कपूर अनुभाग अधिकारी (ले. प. ) द्वारा दिनांक 22.01.2018 से 9.3.2018 तक श्री ज्ञान चन्द शर्मा, उप निदेशक स्थानीय लेखा प्रीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश ), शिमला -09 के पर्यावेक्षण में शिमला में किया गया । मास 03/2017 के लेखों का चयन विस्तृत जाँच के लिए किया गया, जिसके परिणामों को निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में समाविष्ट किया गया हैं। अंकेक्षण प्रतिवेदन में निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में दर्शाए गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख उपलब्ध करवाए गए।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण, अधिशाषी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल –II, जिला शिमला, हि. प्र. द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर किया गया हैं, किसी प्रकार की अधूरी व छुपाई गई सूचना के लिए स्थानीय लेखा प्रीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश ) शिमला -09 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा ।

**3. अंकेक्षण शुल्क :**

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के निर्माण मण्डल -II जिला शिमला के लेखाओं अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017 के अंकेक्षण करने के शुल्क की राशि जमा करवाने हेतु सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण शिमला-02 को अलग से अनुरोध किया जाएगा ।

**4 (क) स्टाफ अग्रिम ₹1.35 लाख समायोजन हेतु शेष :-**

स्टाफ अग्रिम लेखा की जाँच करने पर गया कि दिनांक 31.03.2017 को **₹135290** समायोजन हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्न दिया गया हैं । अतः इस संबंध में अग्रिम के समायोजन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

| कर्मचारी का नाम एवं पद | वर्ष 2016-17 के अन्त में समायोजन हेतु शेष राशि |
|---|---|
| Dinesh Verma A.E. Solan | 32204.00 |
| Bodh Raj J.E | 48457.00 |
| Prem lal J.E | 4200.00 |
| Surinder Kumar Driver | 49735.00 |

| | |
|---|---|
| Rajinder pal Singh Clerk | 694.00 |
| **कुल राशि** | **₹135290.00** |

**(ख) विविध अग्रिम ₹16.67 लाख समायोजन /वसूली हेतु शेष**

विविध अग्रिम से संबन्धित विवरण की जाँच करने पर पाया गया कि निर्माण मण्डल–II के अंतर्गत दिनांक 31.03.2017 को विभिन्न विभागों/फ़र्मों/संविदाकारों से **₹1667240** समायोजन अर्थात वसूली हेतु शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। जाँच करने पर पाया गया कि विविध अग्रिम की अधिकतर राशियाँ पिछले कई वर्षों से निपटारे हेतु लम्बित पड़ी हुई हैं । अत: इस संबंध में अग्रिम के समायोजन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

| **फ़र्म का नाम** | **अग्रिम राशि** |
|---|---|
| HP State Civil Supply Corporation Ltd. Shimla | 1069578.00 |
| N.K.Maglani | 70077.00 |
| Indian Oil Corporation, Shimla | 4743.00 |
| HP Agro Industries | 102375.00 |
| Steel Authority of India | 143556.00 |
| Rashitya Ispat Nigam Ltd. | 2853.00 |
| Sh.Bhawani Dutt, Contractor | 249143.00 |
| Sh.Surinder singh Driver | 18481.00 |
| Sh.Durga Dass Driver | 6434.00 |
| **Total** | **₹1667240.00** |

**(ग) विविध अग्रिम ₹0.42 लाख (credit) का दिनांक 31.03.2017 तक समायोजन न करना**

विविध अग्रिम से संबन्धित विवरण की जाँच करने पर पाया गया कि निर्माण मण्डल–II के अंतर्गत दिनांक 31.03.2017 को **H.P.State co-op Marketing Consumer Fed.** से ₹42319 समायोजन हेतु शेष थी। अत: इस संबंध में उक्त राशि के समायोजन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

**5. (क) जल प्रभार के रूप में ₹11.26 लाख मकान/प्लाट मालिकों से वसूली हेतु शेष :-**

हिमुड़ा निर्माण मण्डल-II के अंतर्गत विभिन्न आवास बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से दिनांक 31.03.2017 तक ₹1126045 जल प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न दिया गया हैं। इस राशि की वसूली हेतु अपेक्षित उचित एवं प्रभावशाली कदम उठाए जायें।

| क्रम सं. | आवासीय बस्ती का नाम | जल प्रभार की दिनांक 31.03.2017 तक शेष राशि |
|---|---|---|
| 1 | आवास बस्ती शोघी | 519682.00 |
| 2 | आवास बस्ती BCS Phase –II New Shimla | 164563.00 |
| 3 | आवास बस्ती KandaGhat | 381227.00 |
| 4 | आवास बस्ती Basal | 58721.00 |
| 5 | आवास बस्ती Solan Phase-II | 1852.00 |
| | **कुल योग** | **₹1126045.00** |

**(ख) रख रखाव प्रभार के रूप में ₹50.18 लाख मकान/प्लाट मालिकों से वसूली हेतु शेष:-**

हिमुड़ा निर्माण मण्डल-II के अंतर्गत विभिन्न आवास बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से दिनांक 31.03.2017 तक **₹5017843.00** रख रखाव प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न दिया गया हैं। इस राशि की वसूली हेतु अपेक्षित उचित एवं प्रभावशाली कदम उठाए जायें।

| क्रम सं. | आवासीय बस्ती का नाम | रख रखाव प्रभार की दिनांक 31.03.2017 तक शेष राशि |
|---|---|---|
| 1 | आवास बस्ती शोघी | 1397863.00 |
| 2 | आवास बस्ती BCS Phase –II New Shimla | 327666.00 |
| 3 | आवास बस्ती Kasumpati(Chahabrogti) | 901683.00 |
| 4 | आवास बस्ती KandaGhat | 747881.00 |
| 5 | आवास बस्ती Solan Phase-I | 10682.00 |
| 6 | आवास बस्ती Solan Phase-II(Saproon) | 673991.00 |
| 7 | आवास बस्ती Basal | 958077.00 |
| | **कुल योग** | **5017843.00** |

**6. संविदाकारों के धरोहर/प्रतिभूति जमा खातों में ₹1.19 लाख का डेबिट (Debit) पाया जाना:-**

संविदाकारों की प्रतिभूति जमा खाता बही का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2017 को विभिन्न संविदाकारो के व्यक्तिगत खातों में ₹**119232** की धरोहर/प्रतिभूति जमा राशि का अंतशेष डेबिट रूप में पाया गया जिसका विवरण नीचे दिया गया है। संविदाकारों की प्रतिभूति खाता में अंतशेष का डेबिट होना यह दर्शाता हैं कि जितनी राशि संविदाकारों से धरोहर/प्रतिभूति के रूप में प्राप्त की गई थी उससे अधिक राशि का भुगतान संविदाकार को कर दिया गया। संविदाकार को जमा प्रतिभूति से अधिक भुगतान एक अत्यंत गंभीर अनियमितता हैं। अत: इस संबंध में उचित छानबीन की

जाए तथा ₹**119232.00** के डेबिट बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा डेबिट राशि की वसूली संबन्धित संविदाकार से की जानी सुनिश्चित की जाए। तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

| Sr. No. | Name of Contractor | Ledger Page No. | Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | M/S AG Construction | 305 | 117527.00 |
| 2 | Sh. Bhawani Dutt | 309 | 1705.00 |
| | **Total** | | **119232.00** |

**7. उप-मण्डल द्वारा रोकड़ प्राप्तियों को विलम्ब से मण्डल खाते में जमा करवाया जाना**

अंकेक्षण के दौरान उप मण्डल सोलन की जल प्रभार और रख रखाव प्रभार के रूप में विभिन्न मकान/प्लाट मालिकों से प्राप्त आय की संबन्धित अभिलेखों से पड़ताल करने पर पाया गया कि प्राप्त आय को निर्माण मण्डल –II के खाते में विलम्ब से जमा करवाया जा रहा था, जो कि वित्तीय नियमों के विरुद्ध होने के साथ साथ प्राप्त राशि का अस्थाई दुर्विनियोजन भी हैं। देरी से जमा करवाई गई राशि का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट- क-I** पर दिया गया हैं। अत: मण्डल स्तर पर आय को देरी से जमा करवाए जाने को न्यायोचित ठहराया जाए साथ ही भविष्य में उप मण्डल स्तर पर एकत्रित आय को शीघ्र अति शीघ्र मण्डल खाते में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8 वाउचर संख्या: 56/17-2-2017**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम:- | C/O Commercial Complex at KZC Shimla ( C/O Block No.37 i/c W.S & S.I) |
| संविदाकार का नाम: | M/s A.G. Construction |
| अनुबंध संख्या: | 04 of 2014-15 |
| कार्य आबंटन पत्र संख्या: | HB(SD-II)A-411/2014-1210-17 Dated: 19-7-2014 |
| कार्य आरम्भ करने की तिथि: | 13-8-2014 |
| कार्य पूर्ण करने हेतु प्रदत समय: | 18 Months |
| चलत बिल: | 01 to 10 |

उपरोक्त निर्माण कार्य का आबंटन M/s A.G. Construction को अधिशाषी अभियंता के पत्र संख्या: HB(SD-II)A-411/2014-1210-17 Dated: 19-7-2014 द्वारा आबंटित किया गया। कार्य पूर्ण करने हेतु 18 मास का समय प्रदान किया गया तथा ₹3,79,75,675.79 की लागत में कार्य निष्पादन हेतु आबंटित किया गया जो कि अनुमानित लागत से 31.95% अधिक था इस निर्माण कार्य के विस्तृत अंकेक्षण के दौरान निम्न आपतियां पाई गईं:-

**(क) विक्री कर ₹3.30 लाख की कम कटौती करना:-**

प्रधान सचिव (आबकारी एवं कराधान), हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या: ई0एक्स0एन0-एफ(10)-2/2015-लूज, दिनांक 03-6-2015 के अंतर्गत अधिसूचित तथा तदानुसार राजपत्र, हिमाचल प्रदेश सरकार, दिनांक 06-6-2015 में प्रकाशित Himachal Pradesh Value Added Tax (3rd Amendment) Rules, 2015 के तहत नियम 38 में संशोधन किया गया जिसके अनुसार अधिसूचना की तिथि से सभी निर्माण कार्य के

ठेकेदारों से 3% कर की कटौती की जानी अपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान उपरोक्त निर्माण कार्य के विभिन्न बिलों की जांच पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार 3% अपेक्षित विक्री कर की कटौती करने के स्थान पर 2% विक्री कर की ही कटौती की गई परिणामस्वरूप ₹329966 की कम कटौती की गई जो कि पूर्णत: अनियमित एवं आपतिजनक है। यह प्रकरण अधिशाषी अभियन्ता से अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर-21/2018 दिनांक 26.2.2018 द्वारा उठाया गया जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उतर प्राप्त नही हुआ अत: उपरोक्त के सम्बंध में औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा कम कटौती की गई राशि की वसूली उचित स्त्रौत से करके सरकारी कोष में जमा करवाई जाये:-

| चलत बिल सं0 | माप पुस्तिक/ पृ0 सं0 | बिल की तिथि | बिल की राशि | विक्री कर की अपेक्षित कटौती @ 3% (₹) | विक्री कर की कटौती @ 2% (₹) | कम कटौती |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तृतीय | 946/43 | 04-6-2015 | 4528420 | 135853 | 90568 | 45285 |
| चतुर्थ | 946/57 | 31-8-2015 | 3568650 | 107060 | 71373 | 35687 |
| पंचम | 946/73 | 02-11-2015 | 2026707 | 60801 | 40534 | 20267 |
| षष्टम | 950/72 | 23-5-2016 | 4236425 | 127093 | 84729 | 42364 |
| सप्तम | 879/77 | 17-7-2016 | 4385355 | 131561 | 87707 | 43854 |
| अष्टम | 830/66 | 07-11-2016 | 4512324 | 135370 | 90246 | 45124 |
| नवम | 830/91 | 30-11-2016 | 3868375 | 116051 | 77368 | 38683 |
| दशम | 916/83 | 13-2-2017 | 5870194 | 176106 | 117404 | 58702 |
| | | | **योग** | **989895** | **659929** | **329966** |

**(ख) निर्माण कार्यों में उपयोग किये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार ₹1.32 लाख की रायल्टी की वसूली न करना**

प्रधान सचिव (उद्योग), हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या खण्ड-II (एफ) 6-5/2006 दिनांक 16-1-2012 के अनुसार विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी, चूना पत्थर तथा संगमरमर आदि पर समय-समय पर निर्धारित दरों के अनुसार रायल्टी देय है। उपरोक्त के अतिरिक्त अनुबन्ध के अनुच्छेद 46 में संविदाकार द्वारा रायल्टी जमा करवाये जाने तथा अनुच्छेद 46(1) में रायल्टी से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाये जाने के प्रावधान विनिर्दिष्ट हैं। अंकेक्षण के दौरान कार्य बिलों की जांच पर पाया गया कि विभिन्न कार्य स्थलों पर 914.37 घनमीटर अर्थात 2203.63 टन (914.37X2.41) पत्थरों का उपयोग किया गया जिसके सन्दर्भ में रायल्टी के रूप में ₹60 प्रति टन की दर से कुल ₹132218 की वसूली करके उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालय में जमा करवाई जानी अपेक्षित थी परन्तु निम्न वर्णित विभिन्न कार्यों में उपयोग किये गये पत्थरों की प्रमात्रा के संदर्भ में चलत बिलों से न तो रायल्टी की राशि की कटौती की गई और न ही M Form अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गये यह प्रकरण अधिशाषी अभियन्ता से अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर-22/2018 दिनांक 26.2.2018 द्वारा उठाया गया जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उतर प्राप्त नही हुआ जिसके सम्बंध में स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा कम वसूली गई रायल्टी की राशि की प्राप्ति उचित स्त्रौत से करके सरकारी कोष में जमा कारवाई जाए

| Name Of Item | Item no | Running Bill No | M.B.No & Page no | Quantity of item executed in (Cum) | Quantity of Stone used in Execution of Item (Quantity Executed X1.16 for R.R.Masonary | Quantity of Stone used in Execution of Item ( Quantity executedX1. 10 For Stone filling) | Quantity of Stone used in Tones(Quantity of Stone X2.41) | Rate of Royality per tone (Rs) | Amount of Royalty (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R.R. Masonary in Foundation and plinth in 1:6 | 32 | 10 th | 946/81 | 573.78 | 665.58 | – | 1604.05 | 60 | 96243 |
| Stone Filling Behind Retaining wall | 33 | 10 th | 946/81 | 226.17 | – | 248.79 | 599.58 | 60 | 35975 |
| | | | | Total | 665.58 | 248.79 | 2203.63 | | 132218 |

**(ग़) प्रतिस्थापित कार्य मदों हेतु ₹67.61 लाख का भुगतान बिना स्वीकृति/स्वीकृत दरों के करना ।**

उपरोक्त निर्माण कार्य के सम्बंध में संविदाकार को किये गये भुगतान की जांच पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार संविदाकार को ₹67,61,373 का भुगतान दसवें चलत बिल तक प्रतिस्थापित मदों हेतु किया गया था। इन प्रतिस्थापित कार्य मदों हेतु पार्ट दर से भुगतान किया गया परन्तु न तो इन मदों के निष्पादन और न ही भुगतान की जा रही दरों के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की गई। जबकि CPWD Manual के नियम 25.7 के अनुसार प्रतिस्थापित मदों हेतु निष्पादन से पूर्व सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अनिवार्य थी ।अत: उक्त के सम्बंध में औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में दर्शाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| Sr. No. | Name of Item/Item No. | M.B. No. | Running Bill No. | Quantity of Extra/ Substitute Items | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P/F Plain skirting/panelling with jointing (S.I.36) | 946/82 | 10th | 864.57sqm | 1509.40 | 1304982 |
| 2 | P/F Power coated aluminium penal sheet (S.I.66) | 946/95 | 10th | 1715.02sqm | 2200 | 3773044 |
| 3 | P/F Insulation double glass 21mm (S.I.67) | 946/96 | 10th | 304.49sqm | 4554 | 1386647 |
| 4 | P/F Sydency s-220 cat-92508 (S.I.72) | 946/97 | 10th | 10Nos | 17220 | 172200 |
| 5 | P/F 15mm c.p. brass sensor basin tap (S.I.76) | 946/98 | 10th | 12Nos | 10375 | 124500 |

| | Total | ₹6761373 |
|---|---|---|

**(घ) नियमों की अनदेखी करके "Work Done and Measured" के बदले में ₹9760 का अनियमित अग्रिम भुगतान बारे**

CP WD Works Manual 2010 के Section 32.1(ii) के अनुसार Advance Payment for work done and measured के अनुसार " Advance payments to Contractors against on account bills received in the Divisional Office may be made by the Divisional Officers, on receipt of an application from the contractor for financial aid in the shape of part payment, shall make a lump-sum advance payment on Hand Receipt Form 28, subject to the following conditions:

**The amount of Advance should not exceed 75% of the net amount of Bill under check .**

उपरोक्त अग्रिम से संबन्धित वाऊचर का अंकेक्षण में अवलोकन करने पर पाया गया कि संविदाकार को 11th running bill प्रस्तुत करने के उपरान्त **"Work Done and Measured"** के आधार पर वाऊचर संख्या 116 दिनांक 31.03.2017 द्वारा ₹2400000.00 प्रदान की गई थी। जबकि उपरोक्त कार्य से संबन्धित रनिंग बिल की माप पुस्तिका संख्या 943 पृष्ट 98 के अनुसार net amount of bill की ₹3186987 बनती है जिसके अनुसार संविदाकार को 75% of net amount of bill के आधार पर ₹2390240 (3186987 x75%) का भुगतान किया जा सकता था परन्तु संविदाकार को ₹9760 (2400000-2390240) का अधिक भुगतान किया गया जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही संविदाकारों को अग्रिम राशियो का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9 वाऊचर संख्या 59 & 67 दिनांक 20.3.2017 ₹3069091/-**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | **Housing Colony At sheel** |
| माप पुस्तिका संख्या/पृष्ठ संख्या | 979/ 1-5 |
| आबंटन पत्र संख्या | HBS(Sd-2)A469/2016- 2374-82 dated 26.8.2016 |
| अनुबंध संख्या | 2 of 2016-17 |
| संविदाकार का नाम | Sh.Des Raj Thakur |
| रनिंग बिल संख्या | 1st |

**(क) मद Excavation in foundation tranches की प्रमात्रा की तुलना में मद providing and laying CI Pipe की ज्यादा प्रमात्रा दर्शाने के कारण ₹16.05 लाख का अधिक भुगतान करना ।**

निर्माण कार्य C/o Housing Colony at Sheel near Solan Distt. Solan (HP) under Partially Self Financing Scheme, SH: Providing and laying external Water supply &

Sewerage system and Construction of 1 No. 45 KLD & 1 No. 90 KLD Sewerage Treatment Plant के 1st चलत बिल की जांच पर अनुबंध की मद संख्या: (1) **Excavation in foundation tranches** व मद संख्या: 10(b) **Providing and laying CI Pipe 150 mm dia &** 10(c) **Providing and laying CI Pipe 200 mm dia** की तुल्नातमक पड़्ताल करने पर पाया गया कि खुदाई की प्रमात्रा 581.34 मीटर की तुलना में संविदाकार को 1243 मीटर C.I. पाईप हेतु भुगतान किया गया है। चुंकि खोदी गई भूमि में ही C.I. पाईप को भूमिगत रूप से Treatment Plant तक बिछाया जाना अपेक्षित था इसलिये जितने मीटर लंबाई तक भूमि की खुदाई की गई उतनी ही लम्बाई तक पाईप का भुगतान भी किया जाना चाहिये था । अतः इस प्रकार मद संख्या 10 (B) व 10 (C) में 661.66 मीटर (1243–581.34) की प्रमात्रा अधिक दर्शाई गई प्रतीत होती है जिसके कारण संविदाकार को ₹1605275 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है। यह प्रकरण अधिशाषी अभियन्ता से अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर– 23/2018 दिनांक 28.2.2018 द्वारा उठाया गया जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उतर प्राप्त नही हुआ जिसके सम्बंध में स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा इसकी वसूली सम्बन्धित से की जाए तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

| Sr. No | Description of item | M.B. No./ Page | Item No. | Quantity of item paid (Rmt) | Quantity of pipe should paid as per audit(Rmt) | Excess Quantity paid (Rmt) | Rate | Excess Amount paid (Rs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Excavation in foundation tranches for C.I. Pipes | 979/1 | 01 | 581.34 | - | - | - | - | Total Excavation in foundation tranches for C.I. Pipes paid for 581.34 R.M.T but Providing and laying CI Pipe 150 m.m. dia &200 m.m. dia paid for 1243 R.M.T (1017 Rmt+226 Rmt) |
| 2 | Providing and laying CI Pipe 150 m.m. dia | 979/4 | 10(b) | 1017.00 | 581.34 | 435.66 | 2310 | 1006375 | |
| 3 | Providing and laying CI Pipe 200 m.m. dia | 979/4 | 10(c) | 226.00 | nil | 226 | 2650 | 598900 | |
| 3 | **Total Excess payment** | | | | | | | **1605275** | |

**(ख) मद Excavation in foundation tranches की प्रमात्रा में चौड़ाई निर्धारित मापदण्डों से अधिक दर्शाने के कारण ₹0.24 लाख का अधिक भुगतान**

उपरोक्त निर्माण कार्य के 1st चलित बिल में अनुबंध की मद संख्या 1 i.e Excavation in foundation tranches for C.I. Pipe के संदर्भ में संविदाकार को 581.34 घन मी. हेतु भुगतान किया गया था। इस भुगतान की पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न प्रकरणों में CI Pipe के संदर्भ में CPWD specification से अधिक चौड़ाई का भुगतान किया गया था। CPWD Specification Rule 20.5.1 के अनुसार Excavation in foundation in tranches 150m.m. dia हेतु Trench की चौड़ाई nominal Dia of the pipe Plus 40 C.M. ली जानी आपेक्षित थी जबकि माप पुस्तिका संख्या 979 पृष्ठ 2 के अनुसार संविदाकार को 75 C.M. चौड़ाई हेतु भुगतान किया था। इस प्रकार संविदाकार को निम्नविवरणानुसार ₹24416.00 का अधिक भुगतान किया गया था। अत: अधिक भुगतान की गई राशि को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को भी सूचित किया जाए।

| MB No. P.No. | Qty Executed & Paid | Qty as per CPWD Specification | Excess Qty | Rate | Total Excess payment |
|---|---|---|---|---|---|
| 979/2 | 581.34x0.75x 0.60=261.60 m3 | 581.34x0.55x0.60=191.84 m3(Width= Dia/10+40cm i.e 150/10+40=55c.m.) | 69.76 $m^3$ | 350 | **24416.00** |
| | | | | **Total** | **₹24416.00** |

**(ग) नियमों की अनदेखी करके "Work Done and Measured" के बदले में ₹18.00 लाख के अनियमित भुगतान बारे**

CP WD Works Manual 2010 के Section 32.1(1) Advance Payment for work done and measured के अनुसार "Advance payments to Contractors against on account bills received in the Divisional Office may be made by the Divisional Officers, on receipt of an application from the contractor for financial aid in the shape of part payment, shall make a lump-sum advance payment on Hand Receipt Form 28, subject to the following conditions

**(1) The Bill in respect of which Advance is proposed to be made should actually be under check in the Division Office**

उपरोक्त अग्रिम से संबन्धित वाऊचर का अंकेक्षण में अवलोकन करने पर पाया गया कि संविदाकार को ist running bil प्रस्तुत करने के उपरान्त **"Work Done and Measured"** के आधार पर वाऊचर संख्या 59 दिनांक 20.03.2017 द्वारा ₹1800000.00 प्रदान की गई थी तथा वाऊचर संख्या 67 दिनांक 20/3/2017 द्वारा ₹1269091.00 संविदाकार को बिल की

बकाया राशि के रूप में भुगतान की गई जबकि उक्त निर्माण कार्य से संबन्धित माप पुस्तिका संख्या 979 पृष्ठ संख्या 1 के अवलोकन पर पाया गया की दिनांक 20.3.2017 को ही माप पुस्तिका में प्रविष्टि की गई तथा दिनांक 20.3.2017 को ही उप मण्डल द्वारा रनिंग बिल मण्डल को प्रेषित किया गया तथा मण्डल स्तर पर बिल की प्राप्ति पर एक ही दिन में दिनांक 20.3.2017 को ही संविदाकार को अग्रिम ₹1800000.00 का भुगतान किया गया तथा बिल की पड़ताल पश्चात संविदाकार को बकाया ₹1269091.00 का भी भुगतान किया गया यदि संविदाकार को बिल की पड़ताल पश्चात पूर्ण भुगतान किया जाना आपेक्षित था तो उस परिस्थिति में ₹1800000.00 अग्रिम भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

**10 निर्माण कार्य में उपयोग किये गये पत्थरों की प्रमात्रा पर नियमानुसार₹6.25 लाख की रायल्टी की वसूली न करना ।**

प्रधान सचिव (उद्योग), हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या खण्ड-॥ (एफ) 6-5/2006 दिनांक 16-1-2012 के अनुसार विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी, चूना पत्थर तथा संगमरमर आदि पर समय-समय पर निर्धारित दरों के अनुसार रायल्टी देय है। उपरोक्त के अतिरिक्त अनुबन्ध के अनुच्छेद 46 में संविदाकार द्वारा रायल्टी जमा करवाये जाने तथा अनुच्छेद 46(1) में रायल्टी से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाये जाने के प्रावधान विनिर्दिष्ट हैं। अंकेक्षण के दौरान विभिन्न कार्य बिलों की जांच पर पाया गया कि विभिन्न कार्य स्थलों पर 4321.03 घनमीटर अर्थात 1 0413.67 टन (4321.03X2.41) पत्थरों का उपयोग किया गया जिसके सन्दर्भ में रायल्टी के रूप में ₹60 प्रति टन की दर से कुल ₹624820 की वसूली करके उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालय में जमा करवाई जानी अपेक्षित थी परन्तु निम्न वर्णित विभिन्न कार्यों में उपयोग किये गये पत्थरों की प्रमात्रा के संदर्भ में चलत/अन्तिम बिलों से न तो रायल्टी की राशि की कटौती की गई और न ही फार्म एम0 अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गये यह प्रकरण अधिशाषी अभियन्ता से अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर- 22/2018 दिनांक 26.2.2018 द्वारा उठाया गया जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उतर प्राप्त नही हुआ जिसके सम्बंध में स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा ₹624820 सम्बन्धित से वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाई जाए तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

**Details of Royalty not Deducted from the various Work Bills**

| Sr. No. | Name of Work | Name Of Item | Item no | Running Bill No | M.B.No& Page no | Quantity of item executed in (Cum) | Quantity of Stone used in Execution of Item (Quantity Executed X1.16 for R.R.Masonary | Quantity of Stone used in Execution of Item ( Quantity executedX1.10 For Stone filling) | Quantity of Stone used in Tones(Quantity of Stone X2.41) | Rate of Royality per tone | Amount of Royalty |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Resenditaial complex Below B.C.S. phase-3 sec-6 | R.R. Masonary in Foundation and plinth in 1:6 | 25 | 8th | 975/66 | 2269.3 | 2632.39 | | 6344.06 | 60 | 380644 |
| 2 | P.S.F.S Kasumpti (Chaproti) | R.R. Masonary in Foundation and plinth in 1:6 | 6 | 5th | 966/16 | 77.6 | 90.02 | | 216.94 | 60 | 13016 |
| 3 | P.S.F.S Kasumpti (Chaproti) | Stone Filling Behind Retaining wall | 26 | 8th | 975/66 | 172.39 | | 189.63 | 457.01 | 60 | 27421 |
| 4 | Const of P.H.C.At Basantpur | R.R. Masonary in Foundation and plinth in 1:6 | 24 | 2nd | 997/8 | 299.86 | 347.84 | | 838.29 | 60 | 50297 |
| 5 | Const of P.H.C.At Basantpur | Stone Filling Behind Retaining wall | 25 | 2nd | 997/8 | 50.36 | | 55.40 | 133.51 | 60 | 8011 |
| 6 | Resenditaial complex Below B.C.S. phase-3 sec-5 | R.R. Masonary in Foundation and plinth in 1:6 | 22 | 2nd | 964/66 | 770.96 | 894.31 | | 2155.29 | 60 | 129317 |
| 7 | Resenditaial complex Below B.C.S. phase-3 sec-6 | Stone Filling Behind Retaining wall | 23 | 2nd | 964/66 | 101.31 | | 111.44 | 268.57 | 60 | 16114 |
| **योग** | | | | | | | **3964.56** | **356.47** | **10413.67** | **60** | **624820** |

## 11 विक्रीकर के रूप में ₹4.03 लाख की कम कटौती करना

प्रधान सचिव (आबकारी एवं कराधान), हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या: ई0एक्स0एन0-एफ(10)-2/2015-लूज, दिनांक 03-6-2015 के अंतर्गत

अधिसूचित तथा तदानुसार राजपत्र, हिमाचल प्रदेश सरकार, दिनांक 06-6-2015 में प्रकाशित Himachal Pradesh Value Added Tax (3rd Amendment) Rules, 2015 के तहत नियम 38 में संसोधन किया गया जिसके अनुसार अधिसूचना की तिथि से सभी निर्माण कार्य के ठेकेदारों से 3% कर की कटौती की जानी आपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान कार्य बिलों की जांच पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विभिन्न संविदाकारों से 3% आपेक्षित विक्री कर की कटौती करने के स्थान पर 2% विक्री कर की ही कटौती की गई है जिसके परिणामस्वरूप बिक्रीकर की ₹402914 कम कटौती की गई यह प्रकरण अधिशाषी अभियन्ता से अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर- 21/2018 दिनांक 26.2.2018 द्वारा उठाया गया जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उतर प्राप्त नही हुआ जिसके सम्बंध में स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा ₹402914 की वसूली सम्बन्धित में की जाए तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए

**Detail of less deduction of Sales tax**

| **Name of Work** | **Agreement No** | **Running Bill No** | **Date of Bill** | **Amount of Bill** | **Sales tax @3% due for deduction from Running Bill** | **Sales tax @2% deducted from Running Bill** | **Less Deduction Of sales Tax** | **Remarks** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Repair &renovatiopn Of Co-oprative Bank ( Hostel Bank) | 5 of 2015-16 | 10th R.bill | 2.3.2017 | 4713477 | 141404 | 94270 | 47134 | Bill passed by M.B. No 991page 82 |
| Resendtial Complex below B.C.S. Phase -3 sec-6 | 17 of 2015-16 | 1 to 8th. R.Bill | 27.11.2015 to 31.3.2017 | 18984947 | 569548 | 379699 | 189849 | Bill passed by M.B. No 975page 68 |
| Const.of P.H.C. at Basantpur | 17 of 2016-17 | 1st to 2nd R.Bill | 18.01.17 to 31.03.2017 | 2606125 | 78184 | 52123 | 26061 | Bill passed by M.B. No 997page 9 |
| Resendtial Complex below B.C.S. Phase -3 sec-6 | 10 of 2016-17 | 1st to 2nd R.Bill | 29.12.2016 to31.03.2017 | 5747251 | 172418 | 114945 | 57473 | Bill passed by M.B. No 964page 69 |
| Housing Colony at Basal Phase-2 (Const.of Shops cum Flat) | 6 of 2013-14 | 9th&10th R.Bill | 21.8.2015 & 6.3.2017 | 1914505 | 57435 | 38290 | 19145 | Bill passed by M.B. No 954page 61 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Const.of G.H.S Daroti | 2 of 2014-15 | 2nd to 4th R.Bill | 8.1.2016 to 31.3.2017 | 3223418 | 96703 | 64468 | 32235 | Bill passed by M.B. No 870page 95 |
| Housing Colony at Sheel | 12 of 2016-17 | 1St running Bill | 20.3.2017 | 3101664 | 93050 | 62033 | 31017 | Bill passed by M.B. No 979 page 06 |
| | | | | | | **योग** | **₹402914** | - |

**12 निर्माण कार्य बिल से प्रतिभूति की कम कटौती किए जाने के कारण संविदाकार को ₹3413 का अनुचित लाभ दिये जाने बारे।**

**वाऊचर संख्या 92 दिनांक 27.3.2017 ₹65923/-**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | P.S.F.S Kasumpti Chaproti/Metling and Tiring balancve work. |
| माप पुस्तिका संख्या/पृष्ठ संख्या | 966/19 |
| आबंन पत्र संख्या | HBS(Sd-2)428/2015-173-81 dated 21.4.2015 |
| अनुबंध संख्या | I of 2015-16 |
| संविदाकार का नाम | Baldev Sharma |
| रनिंग बिल संख्या | 1st to 5th |

उपरोक्त वाऊचर से संविदाकार को **P.S.F.S Kasumpti Chaproti/Metling and Tiring balance work.** "हेतु ₹2776469/-(**1st to 5th** तक) का भुगतान किया गया था। इस भुगतान वाऊचर व माप पुस्तिका की जाँच में पाया कि इस निर्माण कार्य में संविदाकार से प्रतिभूति के रूप में ₹3413 की कम कटौती की गई थी, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है। अनुबन्ध की शर्त 10 के अनुसार ₹2 लाख तक तक 10% व ₹3 लाख से ₹5 लाख तक 7.5% तथा ₹5 लाख से ₹50 लाख तक 5% प्रतिभूति (Security) की राशि की कटौती की जानी आपेक्षित थी जिसके अनुसार संविदाकार से प्रतिभूति के रूप में कुल ₹156323 की राशि की कटौती की जानी अपेक्षित थी जबकि मण्डल द्वारा ₹152910 की कटौती की गई इस प्रकार ₹3413 (₹156313–₹152910) कम कटौती की गई है जिसके लिए स्थिति स्पष्ट की जाए।

| Running Bill No | Gross amount of of Bill | Amount of Security due for deduction | Amount of Security Deducted | Less amount of Security Deducted |
|---|---|---|---|---|
| **1st to 5th** | 2776469 | 156323 | 152310 | 3413 |

**13 वाऊचर संख्या 16 दिनांक 2.03.2017 ₹2674172.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | Repair & Renovation of Coop. Bank Complex at ACSTI, Sanghti(SH:Renovation of Hostel Block, Admin Block, Faculty Block Glass House) |
| संविदाकार का नाम | M/S AG Construction |
| अनुबंध सं. | 05 of 2015-16 |
| चलित बिल | 10th |

उपरोक्त निर्माण कार्य का आबंटन M/S AG Construction को अधिशाषी अभियन्ता के पत्र संख्या HBS(SD-II)A-432/2015-395-403 दिनांक 01.05.2015 समय अवधि 12 माह के लिये किया गया था

**(i) M .S. flate 50x5 हेतु गलत conversion Factor लिए जाने के कारण संविदाकार को अनुबन्ध की मद संख्या 31 i.e "Steel Work Welded" के संदर्भ में ₹ 2241 का अधिक भुगतान**

अनुबन्ध की मद संख्या 31 i.e "Steel Work Welded" के सम्बन्ध में निष्पादित एवं संविदाकार को भुगतान की गई मात्रा की जाँच करने पर पाया गया कि 9 th चलित बिल में MB No. 991 पृ.सं.11 (Abstract) और MB No. 986 पृ.सं.77 (Record) में **M .S. flate 50x5 हेतु Conversion factor 3.8 kg** प्रति रनिंग मीटर लिया गया था। जबकि निर्माण के लिए तय मापदण्डो के अनुसार **M .S. flate 50x5 हेतु Conversion factor 2 kg** प्रति रनिंग मीटर लिया जाना आपेक्षित था। **Conversion factor** अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को **₹2241** का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का विवरण निम्न सारणी द्वारा स्पष्ट किया गया हैं। अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| Abstract of Cost MB/P.No. | Qty. of M.S.flate 50x5 in running mtr | Conversion Factor taken per running. Mtr (Kg) | Conversion factor as per Rules per Running mtr (Kg) | Excess convesion factor taken per Running Mtr(kg) | Total Excess Qty in Kg paid to Contractor | Rate as per agree ment | Total Excess payment (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 991/11 | 16.6 | 3.8 | 2 | 1.8 | 29.88 (16.6x1.8) | 75.00 per kg | 2241 |
| | | | | | | **Total** | **2241.00** |

**(ii) अनुबन्ध की मद संख्या 46 i.e Distempering one coat with oil bound distemper" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 45 i.e "Removing white wash, door wash dry distemper की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण ₹1049 का अधिक भुगतान।**

उपरोक्त निर्माण कार्य के दसवें चलित बिल की जाँच में पाया गया कि अनुबन्ध की मद संख्या 45 i.e "Removing white wash ,door wash dry distemper की मात्रा अनुबन्ध की मद संख्या 46 i.e Distempering one coat with oil bound distemper" की तुलना में अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹1049 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है क्योंकि जिस क्षेत्र मद संख्या i.e. Removing white wash ,door wash dry distemper की मात्रा execute की जानी थी उसी क्षेत्र में Distempering one coat with oil bound distemper" की मात्रा execute की जानी आपेक्षित थी जिस कारण अनुबंध की मद संख्या 45 Removing white wash ,door wash dry distemper व 46 Distempering one coat with oil bound distemper" की मात्रा आपस में बराबर होनी आपेक्षित थी परंतु अनुबंध की मद संख्या 45 Removing white wash ,door wash dry distemper की मात्रा अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹1048 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है जिसका विस्तृत विवरण नीचे दर्शाया गया है । अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| **Abstract M.B. No** | **Quantity of Item No 45 Removing white wash ,door wash dry distemper** | **Quantity of Item no 46 Distempering one coat with oil bound distemper"** | **Excess quantity of item no 45 Taken in Compare to Item no 46** | **rate** | **Excess Amount (Rs)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 991/54 | 3264.10 m2 | 3114.31 m2 | 149.79 m2 | 7 per m2 | 1048.53 |

(iii) **सीमेंट की आवश्यकता से अधिक मात्रा जारी करने के कारण ₹1.62 लाख का अनुचित लाभ दिए जाने बारे**

माप पुस्तिका संख्या 991 पृष्ट 82 के अवलोकन पर पाया गया की 10 th चलित बिल तक संविदाकार को ₹162180 मूल्य के सीमेंट की मात्रा को आवश्यकता से अधिक जारी किया गया जिसका विवरण नीचे दिया गया है अनुबन्ध की क्लॉज़ 42(1) के अनुसार The contractor shall see that only the required quantaties of materials are issued परन्तु उक्त क्लॉज़ की अनदेखी करते हुए सीमेंट की मात्रा आवश्यकता से अधिक जारी करना अनियमित ही नहीं अपितु आपतिजनक भी है जिस बारे तथ्यो सहित स्पष्टीकरण दिया जाए तथा साथ ही सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में उक्त क्लॉज़ कि अनुपालना करते हुए आवश्यकता अनुसार ही सीमेंट को जारी करना सुनिश्चित किया जाए।

| **Cement issued up** | **Recovery made up** | **Less recovery of** | **Issue rate** | **Amount of excess** |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **to 10th Running Bill** | **to 10th Running Bill** | **cement up to 10th Running Bill** | | **issue of cement b cement** |
| 2365 bag | 1600 bag | 765 bag | 212 per bag | 162180 |

14 **वाऊचर संख्या 42 दिनांक 6.3.2017 ₹500000/-**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | Housing Colony at Basal |
| माप पुस्तिका संख्या/पृष्ठ संख्या | 954/2015 -18 to 64 |
| अनुबंध संख्या | 6 of 2013-14 |
| संविदाकार का नाम | M.L.Gupta |
| रनिंग बिल संख्या | 10th |

**₹0.18 लाख के सीमेंट का अधिक प्रतिदाय (Refund)**

निर्माण कार्य i.e.Housing Colony at Basal (Solan) PR-II (SH: C/o Shops cum Flats in 1 No. Bloch i.e. 6 Nos. Shops, Flats i/c WS & SI) के माप पुस्तिका संख्या 954/2015 पृ0 18 से 64 पर दर्ज दसवें चलत बिल की जांच करने पर पाया गया कि उपरोक्त कार्य हेतु संविदाकार को विभिन्न indents के तहत 6455 बैग सीमेंट जारी किया गया था परन्तु उपभोग विवरणी (Consumption statement) के अनुसार स्थल पर 6340 बैग सीमेंट का उपयोग किया गया था, जबकि शेष 115 अप्रयुक्त बैग जी0आर0 281/24-6-2016 के अन्तर्गत हिमुडा को वापिस लौटाये गये चूकिं नवम चलत बिल तक केवल 6355 बैग के लिये ₹1335313 (6355X204+3%) की ही वसूली संविदाकार से की गई थी जो कि वास्तविक उपयोग के आधार पर अपेक्षित वसूली से भी ₹3152 (1335313-13321611=(6340X204+3%)) अधिक थी इस प्रकार दसवें चलत बिल में मात्र ₹3152/- की ही वापिस आदायगी संविदाकार के पक्ष में की जानी अपेक्षित थी जबकि संविदाकार को ₹3152 के स्थान पर ₹21152 सीमेन्ट वसूली के प्रतिदाय (Refund) के रूप में भुगतान किये गये जिसके परिणामस्वरूप संविदाकार को ₹18000 (21152-3152) का अधिक भुगतान किया गया जिसके बारे में औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संविदाकार से करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत कराया जाये।

**15. वाऊचर संख्या 113 दिनांक 31.03.2017 ₹ 1250000.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | Residential complex Below B.C.S phase-3 Sec-6 |
| संविदाकार का नाम | Sh. M.L.Gupta |
| अनुबंध सं. | 17 of 2015-16 |
| चलित बिल | 8th Running Bill |
| Abstract of Cost MB | Page No. 65 से 67 of MB No. 975 |

**(i) अनुबंध की मद संख्या 27 i.e. Prov. Wood work in Frames of Doors & window की मात्रा /क्षेत्र को अनुबंध की मद संख्या 21 i.e Brick work 2nd class Comoon Burnt से न घटाने के कारण संविदाकार को ₹6287 का अधिक भुगतान।**

उपरोक्त निर्माण कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध की मद संख्या 27 i.e.“**Prov. Wood work in Frames of Doors &window** के संदर्भ में 8th Running Bill तक कुल **1.813 m3** कार्य मात्रा **₹89000** प्रति m3 की दर से निष्पादित एवं भुगतान की गई थी। इस निर्माण कार्य की अनुबन्ध की मद संख्या 15 i.e. “Brick Work” (MB No. 975 पृ. 67) की जाँच करने पर पाया गया कि Door in Frames की मात्रा को Brick Work की मात्रा से नहीं घटाया गया था चूंकि जिस स्थान पर Door की मात्रा का निष्पादन किया गया उस स्थान पर Brick Work नहीं किया जाना अपेक्षित था जिससे संविदाकार को Brick Work हेतु ₹6287 का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है। इस राशि का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस गलत भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस राशि की वसूली संविदाकार से की जानी सुनिश्चित की जाए। तदानुसार अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

| **Abstract of Cost MB** | **Record MB No.** | **Deduction of Bricks work which was not made** | **Rate of Brick Work** | **Excess Payment (Rs)** |
|---|---|---|---|---|
| 975 P.No. 67 | 996 P.No.3- | D=2x1x1.05x2.10x0.23 =1.014 m3 | 6200 | 1.014 m3x6200=6287 |
| Total | | | | **Rs 6287** |

**(ii) अनुबंध की मद संख्या 14.3(c) providing /laying Cement concrete having Strenth M-20 mixed design in suspended floor की मात्रा का बिना form वर्क किए जाने के कारण संविदाकार को ₹6283 का अधिक भुगतान।**

